वर्ष- 3 , अंक- 11
छपरा
3 दिसंबर बुधवार
2025
पृष्ठ - 04

दैनिक
# खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

**संसद का शीतकालीन सत्र :**

# विपक्ष एसआईआर पर बहस करने की मांग पर अड़ा, लोकसभा-राज्यसभा में भारी हंगामा

● सांसद वेल में पहुंचे, वोट चोर- गद्दी छोड़ के नारे लगाए ● भाजपा बोली- ये बिहार हार का विलाप



विपक्ष SIR पर बहस करने की मांग पर अड़ा

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** एसआईआर के खिलाफ विपक्ष का लगातार दूसरे दिन संसद में प्रदर्शन जारी है। लोकसभा की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होते ही सभी विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी शुरू कर दी। कुछ सांसद वेल तक पहुंच गए। स्पीकर ने इस दौरान प्रश्नकाल को जारी रखा, लेकिन विपक्ष लगातार 20 मिनट तक वोट चोर- गद्दी छोड़ के नारे लगाता रहा।

इसके बाद कार्यवाही पहले 12 बजे फिर 2 बजे तक स्थगित कर दी गई। उधर, राज्यसभा में भी विपक्ष का प्रदर्शन और नारेबाजी जारी है। इस बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, लोकतंत्र की रक्षा के लिए विरोध-प्रदर्शन जरूरी है। इससे पहले विपक्ष ने सुबह 10: 30 बजे संसद परिसर में मकर द्वार के सामने लगातार दूसरे दिन प्रदर्शन किया। इनकी मांग है कि सरकार एसआईआर इस पर फौरन चर्चा करे। सत्र के पहले दिन (1 दिसंबर) दोनों सदनों में एसआईआर और वोट चोरी के आरोप के मुद्दे पर विपक्ष ने हंगामा किया था। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने राज्यसभा में बताया था कि सरकार स्छ्क्र और चुनावी सुधारों पर चर्चा के लिए तैयार है। विपक्ष से अपील कि वह इस पर कोई समय सीमा न थोपें।

सूत्रों के मुताबिक विपक्ष ने तर्क रखा है कि चर्चा में एसआईआर शब्द की जगह सरकार चाहे तो इलेक्टोरल रिफॉर्म या किसी अन्य नाम का उपयोग करते हुए विषय को कार्यवाही में सूचीबद्ध कर ले। सरकार इस तर्क पर राजी हो सकती है। वह इस पर अपना रुख बिजनेस एडवाइजरी कमेटी में रखेगी।


### वंदे मातरम् पर 10 घंटे चर्चा संभव

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने पर सरकार सदन में वंदे मातरम् पर 10 घंटे चर्चा करा सकती है। यह बहस गुरुवार-शुक्रवार को हो सकती है। पीएम मोदी खुद इसमें हिस्सा ले सकते हैं। 30 सितंबर को राज्यसभा की बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक में सत्तारूढ़ दल के कई सदस्यों ने इस चर्चा का प्रस्ताव रखा था। अब तक ऑफिशियल बयान नहीं आया है।

संचार साथी एप पर प्रियंका बोलीं-सरकार जासूसी करना चाहती है

## सरकार ने पहले कहा था- सभी मोबाइल में इंस्टॉल होगा; अब बोली- डिलीट कर सकते हैं

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** सभी मोबाइल फोन में साइबर सिक्योरिटी एप संचार साथी को प्री-इंस्टॉल करने के दूरसंचार विभाग (DoT) के आदेश पर विवाद बढ़ने के बाद मंगलवार को केंद्र सरकार की सफाई आई। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि ये कंपलसरी नहीं है। चाहे तो यूजर इसे डिलीट कर सकते हैं। केंद्र सरकार ने एक दिसंबर को स्मार्टफोन कंपनियों को आदेश दिया था कि वे स्मार्टफोन में सरकारी साइबर सेफ्टी एप को पहले से इंस्टॉल करके बेचें। इसके लिए 90 दिन का समय दिया था। इस फैसले का कांग्रेस समेत विपक्षी पार्टियों ने विरोध किया। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि यह कदम लोगों की प्राइवेसी पर सीधा हमला है। यह एक जासूसी एप है।




सरकार हर नागरिक की निगरानी करना चाहती है। साइबर धोखाधड़ी की रिपोर्टिंग के लिए सिस्टम जरूरी है, लेकिन सरकार का ताजा आदेश लोगों की निजी जिंदगी में अनावश्यक दखल जैसा है।

### विपक्ष के नेताओं के बयान..

कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने भी सरकार के इस आदेश की आलोचना की है। वहीं, कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी ने मंगलवार को इस मुद्दे पर सदन स्थगन नोटिस भी दिया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा, मैं सदन में बहस के दौरान बोलूंगा ... अभी टिप्पणी नहीं करूंगा। कांग्रेस सांसद शशि थरूर- संचार साथी एप उपयोगी हो सकता है, लेकिन इसे स्वैच्छिक होना चाहिए। जिसे जरूरत हो, वह खुद इसे डाउनलोड कर सके। किसी भी चीज़ को लोकतंत्र में जबरन लागू करना चिंता की बात है। सरकार को मीडिया के जरिए आदेश जारी करने के बजाय जनता को स्पष्ट रूप से बताना चाहिए कि इस फैसले के पीछे तर्क क्या है। कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल- यह आम लोगों की प्राइवेसी पर सीधा हमला है। मदद के नाम पर BJP लोगों की निजी जानकारी तक पहुंच बनाना चाहती है। भारत में हमने पेगासस जैसे मामले देखे हैं। अब यह एप लगाकर देश के लोगों की निगरानी करने की कोशिश की जा रही है।

### सिद्धारमैया-शिवकुमार ने 4 दिन में दूसरी बार साथ नाश्ता किया



**बेंगलुरु,एजेंसी।** कर्नाटक में मुख्यमंत्री की कुर्सी को लेकर चल रही खींचतान के बीच मंगलवार सुबह सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने मंगलवार को फिर साथ में ब्रेकफास्ट किया। ये 4 दिन में दूसरी बार है जब दोनों की साथ में नाश्ते पर मीटिंग हुई। सिद्धारमैया मंगलवार सुबह शिवकुमार के घर पहुंचे, जहां उनका स्वागत डीके शिवकुमार और उनके भाई, पूर्व सांसद डीके सुरेश ने किया। इसके बाद तीनों ने साथ बैठकर पारंपरिक नाटी चिकन और इडली लुत्फ उठाया। इसके बाद दोनों नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान जब मीडिया ने सिद्धारमैया से पूछा कि शिवकुमार को कब सीएम बनाया जाएगा, इस पर उन्होंने कहा- जब हाई कमांड कहेगी। इसके अलावा उन्होंने कहा- हमारे बीच कोई मतभेद नहीं है और वे राज्य सरकार को एकजुट होकर चला रहे हैं।

### कुवैत-हैदराबाद इंडिगो फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी




**मुंबई,एजेंसी।** कुवैत से हैदराबाद आ रही इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6E-1234 को मंगलवार सुबह बम की धमकी के बाद मुंबई एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। अधिकारियों के मुताबिक, हैदराबाद एयरपोर्ट को एक ईमेल मिला था, जिसमें विमान में बम होने की बात लिखी थी। इसके बाद तुरंत सभी एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक एयरबस A321-251NX विमान रात 1:56 बजे कुवैत से उड़ा था और सुबह 8:10 बजे मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतारा गया। विमान को सुरक्षित तरीके से उतारकर एयरपोर्ट के अलग-थलग इलाके में ले जाया गया है, जहां बम स्क्वायड और सुरक्षा टीमें पूरी जांच कर की गई हैं।




## सुप्रीम कोर्ट केरल सरकार की एसआईआर के खिलाफ याचिकाएं सुनेगा, बंगाल के 2208 बूथ पर 100प्रतिशत फॉर्म वापस

दावा- ऐसा संभव ही नहीं, सीईओ ने रिपोर्ट मांगी

**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट आज केरल में SIR की प्रक्रिया को चुनौती देने वाली कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया की याचिका पर सुनवाई करेगा। केरल सरकार की याचिकाओं में राज्य में लोकल बॉडी चुनावों के कारण SIR की प्रक्रिया को टालने की मांग की गई है।

इससे पहले, 26 नवंबर को, कोर्ट ने तमिलनाडु, केरल, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और दूसरे राज्यों में SIR एक्सरसाइज को चुनौती देने वाली पॉलिटिकल लीडर्स, एक्टिविस्ट्स और NGO की तरफ से दायर कई पिटीशन पर चुनाव आयोग से जवाब मांगा था। इधर, पश्चिम बंगाल में एसआईआर के बीच कई बूथ पर 100% एन्युमेरेशन फॉर्म डिजिटाइज्ड हो गए। निर्वाचन आयोग को 2208 पोलिंग स्टेशन में कुछ संदेह हुआ, जब यहां से अनकलेक्टेबल फॉर्म जीरो पाया गया।

### तमिलनाडु में एसआईआर से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई 4 दिसंबर को

सुप्रीम कोर्ट एक्टर से नेता बने विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (TVK) की SIR के खिलाफ याचिका पर भी सुनवाई के लिए मान गया। CJI सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने इस मामले को तमिलनाडु से जुड़ी दूसरी पेंडिंग याचिकाओं के साथ 4 दिसंबर को सुनवाई के लिए लिस्ट किया है।

### बांग्लादेश से आकर बंगाल में बसे लोगों की याचिका पर 9 दिसंबर को सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल में बांग्लादेश से आए शरणार्थियों की तरफ से दायर एक याचिका पर भी नोटिस जारी किया, जिन्हें 2019 के सिटिजनशिप अमेंडमेंट एक्ट के तहत सर्टिफिकेट जारी करने में देरी के कारण मताधिकार से वंचित होने का डर है।
कोर्ट ने NGO आत्मदीप की याचिका पर EC से जवाब मांगा है। आत्मदीप ने कलकत्ता हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें 2014 से पहले भारत में आए हिंदू, बौद्ध, ईसाई और जैन शरणार्थियों के लिए सुरक्षा की मांग वाली PIL पर सुनवाई करने से मना कर दिया गया था, लेकिन उन्हें अभी तक सिटिजनशिप नहीं दी गई है।
पिटीशनर NGO की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट करुणा नंदी ने कहा कि बौद्ध, सिख, जैन और ईसाई समुदायों के शरणार्थी बांग्लादेश में धार्मिक उत्पीड़न से भागकर कानूनी कट-ऑफ तारीख से पहले पश्चिम बंगाल में बस गए हैं।



## यूपी-राजस्थान समेत 6 राज्यों में 10 दिन शीतलहर का अलर्ट

● म.प्र. के 6 जिलों में पारा 10 डिग्री से नीचे; तमिलनाडु-पुडुचेरी में तेज बारिश



**नई दिल्ली,एजेंसी।** सर्दी के इस सीजन (दिसंबर से फरवरी) के बीच मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और महाराष्ट्र में कोल्डवेव सामान्य से ज्यादा दिन रह सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक इन राज्यों में आमतौर पर 4-6 दिन कोल्डवेव रहती है। जो कि इस बार 10 दिन रह सकती है।

मध्य प्रदेश में 5-6 दिसंबर से कड़ाके की ठंड शुरू होगी। वहीं शीतलहर भी चलेगी। मंगलवार से रात के पारे में 2 से 3 डिग्री की गिरावट होने की संभावना है। इससे पहले बीती रात भोपाल, इंदौर समेत प्रदेश के 6 जिलों में पारा 10 डिग्री से नीचे रहा।

राजस्थान में इस बार दिसंबर से फरवरी तक कड़ाके की सर्दी पड़ने का अनुमान है। इस दौरान शीतलहर के दिन सामान्य से ज्यादा रहने और न्यूनतम तापमान भी सामान्य से नीचे रहने का अलर्ट है। वहीं चूरू, झुंझुनूं और सीकर में 3-5 दिसंबर तक शीतलहर चलने का यलो अलर्ट है। दूसरी तरफ साइक्लोन दितवाह के असर के चलते तमिलनाडु और पुडुचेरी के समुद्री तट के इलाकों में जमकर बारिश जारी है। मौसम विभाग के मुताबिक दितवाह कमजोर हो गया। वहीं सोमवार को बारिश के चलते चेन्नई एयरपोर्ट से 10 उड़ानें रद्द की गईं। कई इलाकों में पानी भर गया। बारिश का असर आज भी जारी रहेगा।

## कनाडा में खालिस्तान समर्थकों ने भारत विरोधी नारे लगाए

● पीएम मोदी-रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के पुतले बनाकर लिखा- हिंदू टेरेरिस्ट ● हाथों में थे पाकिस्तानी झंडे

**लुधियाना,एजेंसी।** कनाडा में खालिस्तान समर्थकों ने अलग-अलग शहरों में भारत के खिलाफ जहर अगला। सरे शहर में खालिस्तानियों ने निज्जर के होर्डिंग्स लेकर भारत के खिलाफ नारेबाजी की। यही नहीं उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला बनाकर उस पर लिखा कि इसने हरदीप निज्जर को मारा है।

प्रधानमंत्री मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को हिंदू टेरेरिस्ट बताया। वहीं, दूसरी तरफ वैंकुवर में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के खिलाफ प्रदर्शन किया। यहां भी राजनाथ के उस बयान पर विरोध जताया, जिसमें उन्होंने पाकिस्तान के सिंध को अपना बताया था।

हिंदुस्तान मुर्दाबाद और पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे भी लगाए। वैंकुवर में हुए इस प्रदर्शन में खालिस्तान समर्थकों के हाथों में पाकिस्तान का झंडा भी था। इससे पहले भी कनाडा के विभिन्न शहरों में भारत विरोधी प्रदर्शन हो चुके है।ओटावा शहर में सात दिन पहले ही गैर कानूनी खालिस्तान जनमत संग्रह का आयोजन किया गया था। आयोजकों का दावा था कि ओंटेरियो, अल्बर्टा, ब्रिटिश कोलंबिया और क्यूबेक प्रांतों से 53,000 से ज्यादा खालिस्तान समर्थक वोट डालने आए। इस दौरान भारतीय ध्वज तिरंगे का अपमान भी किया गया था।




**हिंदू मंदिर के बाहर करते रहे नारेबाजी :** ब्रिटिश कोलंबिया के सरे शहर में खालिस्तानी समर्थक एक हिंदू मंदिर के बाहर जुटे। उन्होंने हाथों में हरदीप सिंह निज्जर के पोस्टर रखे थे। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पोस्टर भी रखे थे। प्रधानमंत्री के पोस्टर पर हिंदू टेरेरिस्ट लिखा था। मंदिर के बाहर नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन की वजह से श्रद्धालुओं परेशान हुए।

## दिल्ली ब्लास्ट: डॉ. शाहीन की कार से मिली असाल्ट राइफल-पिस्टल

● अल-फलाह यूनिवर्सिटी में खड़ी ब्रेजा कार में छिपाई थी ;एनआईए ने 30 डॉक्टरों के लिए बयान

**फरीदाबाद,एजेंसी।** दिल्ली ब्लास्ट के आतंकी मॉड्यूल में शामिल लेडी डॉक्टर शाहीन सईद को लेकर लगातार खुलासे हो रहे हैं। ब्लास्ट के बाद शाहीन को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद अल-फलाह यूनिवर्सिटी में खड़ी उसकी ब्रेजा कार से जांच के दौरान एक ÷क्रिनकोव÷ असाल्ट राइफल और एक विदेशी पिस्टल बरामद हुई थी।

13 नवंबर को बरामद इस कार की जानकारी अब सामने आई है। यही वह कार है, जिसे 25 सितंबर 2025 को खरीदा गया था। एजेंसी से कार की



डिलीवरी के समय डॉ. शाहीन के साथ डॉ. मुजम्मिल शकील भी था। सोशल मीडिया अकाउंट पर इसकी तस्वीर डाली गई थी।

सूत्रों के मुताबिक, डॉ. शाहीन की कारों को अक्सर डॉ. मुजम्मिल इस्तेमाल करता था। जिन गाड़ियों में विस्फोटक सामग्री की ढुलाई की गई थी, वे भी डॉ. शाहीन और डॉ. उमर नबी के नाम ही थी। इसी बीच यूनिवर्सिटी में जब शाहीन के कमरे की तलाशी ली तो वहां बनाए गए सीक्रेट लॉकर से 18.50 लाख कैश, सोने के 2 बिस्कुट, खाड़ी देशों की करेंसी बरामद हुई थी।

## भागवत बोले- दुनिया मोदी को ध्यान से सुनती है, यह भारत की बढ़ती ताकत दिखाता है

अब देश को सही स्थान मिल रहा है




**नई दिल्ली,एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के प्रमुख मोहन भागवत ने सोमवार को कहा कि आज विश्व मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बात ध्यान से सुनी जाती है और यह भारत की बढ़ती वैश्विक ताकत दिखाता है। भारत अब दुनिया में अपना उचित स्थान प्राप्त कर रहा है। भागवत सोमवार को पुणे में RSS के 100 वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने सुझाव दिया कि संगठनों को केवल वर्षगांठों या शताब्दियों का इंतजार नहीं करना चाहिए, बल्कि निर्धारित समय में अपने कार्य पूरे करने पर ध्यान देना चाहिए।

RSS चीफ ने कहा- हमारे संगठन ने 100 साल पूरे कर लिए हैं, कई चुनौतियों का सामना किया है, लेकिन हमें यह भी सोचना चाहिए कि पूरे समाज को एकजुट करने में इतना समय क्यों लगा।

इतिहास में यह दर्ज है कि जब भारत उभरता है तो दुनिया की समस्याएं कम होती हैं और शांति स्थापित होती है। आज वैश्विक हालात भी यही मांग कर रहे हैं, और इसी मिशन के लिए संघ के स्वयंसेवक शुरुआत से काम कर रहे हैं।

संघ संवाद, सामूहिकता और विविधता में एकता की बात पूरे समाज के संदर्भ में करता है। हमारी जड़ें विविधता में एकता में हैं। हमें साथ चलना है और इसके लिए धर्म आवश्यक है। भारत में सभी दर्शन एक ही स्रोत से निकले हैं, इसलिए हमें तालमेल के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

### भागवत बोले- संघ का काम बहुत कठिन हालात में शुरू हुआ

कार्यक्रम में मोहन भागवत ने RSS के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार को याद किया। उन्होंने कहा कि संघ का काम बहुत कठिन हालात में शुरू हुआ था और शुरू में यह भी नहीं पता था कि मेहनत सफल होगी या नहीं। लेकिन स्वयंसेवकों ने लगातार मेहनत, त्याग और समर्पण से सफलता की नींव रखी।

### मुंबई समेत 10 शहरों में रामी ग्रुप ऑफ होटल्स के 38 ठिकानों पर आयकर का छापा

**मुंबई,एजेंसी।** आयकर विभाग (आईटी) की टीम मंगलवार सुबह से मुंबई समेत देशभर के 10 शहरों में रामी ग्रुप ऑफ़ होटल्स से जुड़े 38 ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

आयकर विभाग ने इस कार्रवाई की अभी आधिकारिक जानकारी नहीं दी है। सूत्रों ने बताया कि आईटी की टीम रामी ग्रुप आफ होटल्स के सांताक्रुज स्थित मुख्यालय और दादर पूर्व स्थित होटल के साथ ग्रुप के मालिक के आवास पर भी छापेमारी कर रही है। यह कार्रवाई कर चोरी के सिलसिले में की जा रही है। मुंबई सहित देशभर के 10 शहरों के कुल 38 ठिकानों पर यह कार्रवाई शुरू हुई है। इसके अलावा वरदराज मंजप्पा शेट्टी से जुड़े ठिकानों पर भी छापेमारी की जा रही है।

# अमनौर बाईपास निर्माण हेतु भूअर्जन की दिशा में कार्रवाई तेज

## मढ़ौरा एसडीओ ने राजस्व गांव बिशुनपुर जगदीश में कैंप का किया आयोजन



**दैनिक खोज खबर।** मढ़ौरा (सारण)। सोमवार को अमनौर बाईपास हेतु अधिग्रहीत जमीन संबंधित कैंप का आयोजन बिशनपुरा जगदीश मौजा में किया गया। जिसमें मढ़ौरा अनुमंडल पदाधिकारी निधि राज, अंचल अधिकारी अंबपाली यादव, राजस्व पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह के उपस्थित में रैयतों के समस्याओं का समाधान हेतु दिशा निर्देश जारी किया गया। कैंप में रैयत द्वारा पहले से कागज अधिग्रहण नियमावली के अंतर्गत पूर्ण रूप से जमा वाउचर जिनमें सिर्फ भुगतान बकाया है और विगत कई महीनों से भूअर्जन द्वारा भुगतान नहीं किया जा रहा, उनका त्वरित भुगतान करने की मांग रखी। उसके पश्चात आगे रैयतों द्वारा बाईपास कार्य संबंधित सहयोग की बात कही गई। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा सारण भूअर्जन से भुगतान में हो रही देरी को लेकर आगे की स्थिति स्पष्ट करने को कहा।वही अमनौर बाईपास हेतु सभी संबंधित अधिकारी से बैठक रख कर सभी समस्या को त्वरित निष्पादन एवं कार्रवाई करने की बात कही एवं अंचल भूअर्जन एवं पथ निर्माण विभाग का एक समन्वय बना कर कार्य करने की बात कही गई। जिससे आगे किसी प्रकार की दिक्कत रैयतों को ना आए एवं उनकी समस्या का समाधान किया जा सके। अंचल अधिकारी द्वारा रैयतों को अपना एलपीसी बनाने के संबंधित कागजों को जमा करने का एवं अपने स्तर से हर संभव आ रही समस्या का निष्पादन करने की बात कही गई।

# विश्व एड्स दिवस : सरकारी नर्सिंग ट्रेनिंग स्कूल ने एक जागरुकता रैली निकाली




**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** विश्व एड्स दिवस के पर मढ़ौरा स्थित सरकारी नर्सिंग ट्रेनिंग स्कूल ने एक जागरुकता रैली निकाली। संस्था की प्राचार्य शैल्वी और नर्सिंग ट्यूटर शकीलुर रहमान, स्नेही प्रसाद के नेतृत्व में जागरूकता रैली ने मुख्य बाजार का भ्रमण किया। रैली को ट्रेनिंग स्कूल कैम्पस से एएनएम स्कूल की प्राचार्य शैल्वी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।प्रचार्य ने कहा कि समाज में जन जागरुकता की जरूरत है। लोगों में रोगों के प्रति जानकारी और बचाव की हेतु ज्ञान का होना जरूरी है। जागरूकता रैली में ट्रेनिंग स्कूल से प्रथम तथा द्वितीय वर्ष की छात्राएं हाथों म स्लोगन लिखे तख्तिया लेकर शामिल हुई। प्राचार्य शैल्वी ने कहा कि यह रैली समाज में एड्स रोग के प्रति लोगों के मन में बैठी गलत भ्रातियों को दूर करने का एक प्रयास है। हमारे बीच से कोई व्यक्ति किसी कारण से एड्स रोग से ग्रसित हो भी जाता है तो उसे समाज और परिवार से सहयोग दिया जाना चाहिए। यह बिमारी छूआछूत से अलग है, परिवारिक और सामाजिक स्वीकारता और नियमित दवाई से एड्स रोगी भी समान्य जीवन जी सकते है। इस मौके पर शकीलुर रहमान ने कहा कि एड्स का सबसे बड़ा इलाज सुरक्षा है। इस रोग से लोगों का जागरूक और मर्यादित होना ही सबसे बड़ा इलाज है। अगर आप जागरुक है तो खूद को सुरक्षित रखकर इस बीमारी से अपने को तथा समाज को बचा सकते हैं। इस दौरान छात्राओं ने एड्स से जुड़ी भ्रातियों को लेकर नारे लगाए और सभी से रग से दूरी और रोगी से जुड़ाव जोड़ने की अपील की।

# स्वराज प्रशिक्षण संस्थान द्वारा बहु-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** प्रखंड क्षेत्र के सज्जनपुर मटिहान पंचायत अंतर्गत भरहापूर गांव में आज ग्रामीण विकास को नई दिशा देने वाला कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारत सरकार द्वारा संचालित 9 ग्रामीण स्वराज कार्यक्रम के तहत स्वराज प्रशिक्षण संस्थान, सारण द्वारा गाय पालन संबंधी बहु-दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्थानीय मुखिया चंद्रशेखर सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि गाय पालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और इस तरह के प्रशिक्षण से युवाओं व किसानों को आत्मनिर्भर बनने में बड़ी मदद मिलेगी। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक संजय शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में आधुनिक डेयरी तकनीक, गायों की नस्ल सुधार, पोषण प्रबंधन, रोग नियंत्रण, डेयरी उत्पादों के विपणन जैसी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी जाएँगी, जिससे प्रतिभागी अपने स्तर पर सफल पशुपालक बन सकें। कार्यक्रम में संस्थान की पूर्व प्रशिक्षणार्थी, सोमेश्वर सिंह, राम पुकार सिंह सहित कई स्थानीय ग्रामीण व प्रतिभागी उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण पशुपालन क्षेत्र में नए अवसरों का द्वार खोलेगा। गांव के लोगों में प्रशिक्षण को लेकर खासा उत्साह देखा गया और प्रतिभागियों ने बताया कि इस तरह की पहल से ग्रामीण समाज में रोजगार के नए मार्ग खुलेंगे और आर्थिक मजबूती मिलेगी। यह प्रशिक्षण अगले कई दिनों तक चलेगा, जिसमें क्षेत्र के दर्जनों युवक-युवतियों और किसानों को कौशल विकास की विस्तृत शिक्षा दी जाएगी।




# डॉ. श्याम नंदन प्रसाद, पर्यावरणविद् राष्ट्रीय शिक्षक गौरव सम्मान 2025 से सम्मानित

**दैनिक खोज खबर/पटना।**

अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधित्व प्राप्त वूमेन पावर सोसियलिटी फाउंडेशन (महिला सशक्तिकरण, बाल विकास और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में समर्पित), जयपुर , राजस्थान के राष्ट्रीय संयोजक संतोष कुमार सिंह जी द्वारा दिल्ली से पटना आकर प्रतिष्ठित राष्ट्रीय शिक्षक गौरव सम्मान 2025 से डॉ. श्याम नंदन प्रसाद , पर्यावरणविद् को उनके निवास स्थान पर सम्मानित किया गया। एक विशेष साक्षात्कार में डॉ. श्याम नंदन प्रसाद ने बताया कि इस सम्मान से नवाजे जाने पर वे गौरांवित महसूस कर रहे हैं । उन्होंने आगे कहा कि इस सम्मान को पाकर उनमें एक नई शक्ति, चेतना, उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ है। शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार और पर्यावरण संरक्षण की दिशा विशिष्ट और उल्लेखनीय के लिए डॉ. प्रसाद को इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है । डॉ. प्रसाद ने कहा कि वूमेन पावर सोसियलिटी फाउंडेशन के बिहार प्रदेश का अध्यक्ष होने के नाते वे महिलाओं और युवा पीढ़ी में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता पैदा कर उनके योगदान के सहारे वैश्विक स्तर पर मौजूद पर्यावरण संकट से पारिस्थितिकी तंत्र के समस्त जीवों ( मानव सहित ) को मुक्ति दिलाने की हर संभव प्रयास करूंगा । डॉ. प्रसाद ने जोड़ देकर कहा कि महिला सशक्तिकरण आज समय की सबसे बड़ी मांग है । उनका दावा है कि भारत को बिना हरा भरा और सभी प्रकार के प्रदूषणों से मुक्त किए बिना हम किसी भी उद्देश्य को प्राप्त नहीं कर सकते हैं। इस दिशा में महिलाओं और युवा पीढ़ी को मुख्य धारा में जोड़ कर इनकी सशक्त भागीदारी को सुनिश्चित करना अति आवश्यक है । डॉ. प्रसाद ने वूमेन पावर सोसियलिटी फाउंडेशन, जयपुर , राजस्थान के राष्ट्रीय संयोजक संतोष कुमार को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया।आगे इतनी दूर से आकर राष्ट्रीय शिक्षक गौरव सम्मान 2025 से सम्मानित किए जाने पर डॉ. प्रसाद ने संतोष कुमार सिंह के प्रति कृतज्ञता प्रकट किया।



# इसुआपुर में खाद की कल्लत, कृषक परेशान

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** रवि फसल की बोआई शुरू होते ही प्रखंड में डीएपी खाद की किल्लत ने क्षेत्र के किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। किसानों का कहना है कि डीएपी का सरकारी मूल्य 1350 रुपये प्रति बोरा निर्धारित है। लेकिन खुदरा बाजार में उन्हें 1600 से 1700 रुपये तक की ऊंची कीमत पर खाद खरीदना पड़ रहा है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि बाजार दर पर नियंत्रण रखते हुए उन्हें उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराई जाए। क्योंकि रवि फसल की बोआई में डीएपी का सबसे अधिक उपयोग होता है। कृषक अवधेश सिंह, चेथू राम, नंदकिशोर सिंह, भोला गिरी समेत कई किसानों ने बताया कि समय पर खाद उपलब्ध नहीं होने से बोआई प्रभावित हो रही है। वहीं महंगे दाम पर खाद खरीदना उनकी मजबूरी बन गई है। उन्होंने यह भी कहा कि खेतों में पानी जमे रहने के कारण इस वर्ष बोआई का क्षेत्र भी घट रहा है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनीश कुमार ने बताया कि प्रखंड के लिए 2520 किलोग्राम गेहूं बीज एवं 426 क्विंटल अन्य क्वालिटी का गेहूं बीज उपलब्ध कराया गया है। जिसे 1000 रुपये प्रति 40 किलो की दर से किसानों के बीच वितरण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त 50 यूनिट मसूर, 25 यूनिट चना व 650 किलोग्राम मटर का वितरण भी पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि गेहूं बीज पर दी जाने वाली सब्सिडी सीधे किसानों के खाते में भेजी जा रही है। अभी तक 600 किसानों को जरूरत के अनुसार गेहूं का बीज दिया जा चुका है। वहीं 750 किसानों को गेहूं का बीज देना है। बीज लेने आए किसानों में गोविंदा पुर गांव के राज किशोर सिंह, रामचौरा गांव के ललिता देवी, बेला गांव के मंजू देवी, छपियां गांव के जितेंद्र कुमार, मुड़वां एराजी गांव के विक्रमा गिरी तथा बेला गांव के सुगांती देवी व अन्य किसानों ने बताया कि जरुरत के अनुसार हमलोग बीज ले रहे हैं। वहीं प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने बताया कि एक किसान को एक पॉकेट से लेकर पांच पॉकेट तक उसके जरूरत के अनुसार गेहूं का बीज दिया जा रहा है।किसानों के अनुसार यूरिया 350 रुपये प्रति 45 किलो तथा पोटाश 1750 रुपये प्रति बोरा की दर से खरीदकर खेतों में डालना पड़ रहा है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि खाद की कालाबाजारी पर सख्ती से रोक लगाई जाए तथा आपूर्ति और मूल्य नियंत्रण सुनिश्चित कर समय पर रबी की बोआई संभव बनाई जाए।

## डोरीगंज मे एक अज्ञात युवक का पेड़ से लटका मिला शव

**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज(सारण)।** डोरीगंज थाना क्षेत्र के बदलपुरा गांव के अंधरी गाछी में एक आम के पेड़ से लटका हुआ लगभग 30 वर्षीय एक युवक का शव मिला है। घटना की सुचना पर डोरीगंज थानाध्यक्ष दिलीप कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की उपस्थिति में शव को पेड़ से नीचे उतारा साथ ही उपस्थित आस पास के लोगों से पहचान करने की काफी कोशिश की गई लेकिन को मृत युवक का पहचान नहीं सका जिसके बाद पुलिस ने कागजी कार्रवाई पुरी कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु छपरा सदर अस्पताल भेज दिया और मौके से सबूत एकत्रित करने हेतु मुजफ्फरपुर से एस एफ एल की टीम घटना स्थल पर पहुंच कर पुरी गहनता से जांच कर रही है।समाचार प्रेषण तक मृतक की पहचान नही हो पाई थी।

# सेवानिवृत्त शिक्षिका को दी गई भावभीनी विदाई



**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखंड के मध्य विद्यालय गवन्द्री में पदस्थापित शिक्षिका कुमारी शान्ति 30 नवंबर 2025 को सेवानिवृत्त हो गई। विद्यालय से उनके सेवानिवृत्त होने के पश्चात प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष महेश्वर सिंह के नेतृत्व में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सेवानिवृत्त शिक्षिका कुमारी शान्ति को भावभीनी विदाई दी गई। शिक्षक संघ के अध्यक्ष महेश्वर सिंह ने बताया कि शिक्षिका कुमारी शान्ति की नियुक्ति वर्ष 2006 में नियोजित शिक्षिका के रूप में हुई थी। 30 नवंबर 2025 को वह 60 वर्ष आयु पुरी कर सेवानिवृत्त हो गई। इस दौरान अन्य शिक्षकों व गण्यमान्य व्यक्तियों ने सेवानिवृत्त शिक्षिका को अंगवस्त्र व फूल मालाओं से सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष महेश्वर सिंह, सचिव मुन्ना प्रसाद, शिक्षक संजीव कुमार सिंह, मध्य विद्यालय गवन्द्री के प्रधानाध्यापिका नीतू सिंह, सुचित्रा सिन्हा, अभिषेक कुमार सिंह, मो. रिजवान, संदीप कुमार समेत अन्य शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित थी।

# सीएचसी मशरक में मनाया गया एड्स जागरूकता दिवस

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मशरक में सोमवार को विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व चिकित्सक डॉ. एस.के. विद्यार्थी ने किया। इस अवसर पर एएनएम, जीएनएम, आशा कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। सभी ने एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वास्थ्य कर्मियों की सहभागिता के साथ जागरूकता रैली से हुई, जिसमें लोगों को एड्स से बचाव, इसके लक्षण और इससे जुड़े सामाजिक मुद्दों के बारे में संदेश दिया गया। रैली के बाद स्वास्थ्य केंद्र सभागार में जागरूकता बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. एस.के. विद्यार्थी ने एचआईवी संक्रमण के फैलने के कारण, बचाव के उपाय तथा समय पर जांच और इलाज की महत्ता पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एड्स से जुड़े गलत धारणाओं को दूर करना समाज की जिम्मेदारी है, क्योंकि जागरूकता ही इसका सबसे बड़ा बचाव है। मौके पर स्वास्थ्य प्रबंधक अमित कुमार, बीसीएम लवकुश कुमार, मूल्यांकन सहायक प्रियांशु प्रकाश,जीएनएम पूजामणि, गीता देवी समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे। सभी ने अपने-अपने स्तर से जागरूकता फैलाने और ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक लोगों तक सही जानकारी पहुँचाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों को निःशुल्क परामर्श और जांच कराने की भी अपील की गई, ताकि समय रहते बीमारी की पहचान कर उचित उपचार उपलब्ध कराया जा सके।




# स्कूली बच्चों से लदी वैन पलटी, दो घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के यदु मोड़ के पास स्कूली बच्चों से भरी वैन अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें वैन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया वहीं सवार एक स्कूली बच्चा और चालक घायल हो गए। घायल गोपालगंज जिले के पथरा गांव निवासी चालक अरमान अली पिता हबीबुसा और घायल छात्र अजय कुमार उम्र 13 वर्ष पिता राजेंद्र साह हैं। घायल दोनों का इलाज सीएचसी मशरक में हुआ। बताया गया कि गोपालगंज के मांझा थाना क्षेत्र के पथरा गांव से डॉ एपीजे अब्दुल कलाम पब्लिक स्कूल से वैन से 14 स्कूली बच्चों राजगीर घूमने गये थें, वही से मशरक के रास्ते वापस लौट रहे थे कि सामने से आ रही तेज रफ्तार वाहन से बचने के दौरान पलट गई। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने वैन को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल कर रही है। शास्त्री टोला गांव में अनियंत्रित बाइक सवार ने वृद्ध को जोरदार टक्कर मार दी जिसमें वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया।

# अग्निपीड़ितों के बीच समाजसेवी ने कंबल और साड़ी का किया वितरण

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखंड के उसरी चांदपुर गांव निवासी व भारतीय जीवन बीमा के वरिष्ठ अभिकर्त्ता समाजसेवी रणविजय प्रसाद ने गत रात्रि पानापुर प्रखंड के कोंध भगवानपुर गांव स्थित मुसहर टोली में हुए भीषण अग्निकांड के अग्नि पीड़ितों के बीच सोमवार को साड़ी और कमल का वितरण किया। समाजसेवी रणविजय प्रसाद ने बताया कि इस ठंड की ठिठुरन और पीड़ितों के उजड़े हुए आशियाने को देखकर उनका कलेजा दहल गया। उन्होंने कहा कि मैं कोई राजनीतिक व्यक्ति नहीं हूँ, बल्कि इसी समाज में पढ़ा लिखा और बड़ा हुआ हूँ। मैंने हमेशा सामाजिक रूप से कार्य किया है और इतनी बड़ी मुसीबत झेल चुके इन अग्नि पीड़ितों को अगर इस हाल में छोड़ दूं तो यह उनके साथ नाइंसाफी होगी। भगवान भी हम जैसे इंसानों को इस धरती पर भेज कर कोस्ता रह जाएगा।क्योंकि इंसान ही इंसान के काम आते हैं। हमें सुबह में अखबार के माध्यम से जानकारी हुआ कि भगवानपुर मुसहर टोली में बिजली की शार्ट सर्किट से आग लग गई और करीब दो दर्जन से अधिक घर इसके चपेट में आ गए। जिसके बाद उन्होंने अग्नि पीड़ितों से मिलकर पीड़ित परिवारों के बीच साड़ी और कंबल का वितरण किया। उन्होंने क्षेत्र के और भी समाजसेवी और पंचायत प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि पीड़ित परिवार के मदद के लिए वे लोग आगे आए और अग्नि पीड़ितों को सहयोग करें। साथी उन्होंने उन्होंने स्थानीय प्रशासन मांग किया कि अग्नि पीड़ितों को तत्काल खाद्य सामग्री की व्यवस्था कराई जाए तथा उनके क्षति का आकलन करते हुए उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए एवं अपने घर से बेघर हुए अग्नि पीड़ितों को प्रधानमंत्री आवास योजना में चयनित कर पक्का मकान का निर्माण कराई जाए।





# सोनपुर मेला में लगे 2 थिएटर का लाइसेंस रद्द, थिएटर से 5 नवालिक लड़किया बरामद



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला के थिएटरों में जबरन नाबालिग लड़कियों से डांस कराना और शोषण करना थिएटर संचालकों को भारी पड़ गया है। थिएटर में लड़कियों के साथ हो रहे अत्याचार के खिलाफ लोगो ने राज्य महिला आयोग से शिकायत किया था जहां राज्य महिला आयोग अप्सरा मिश्रा के द्वारा वाचन निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान कई तरह की कमियां देखी गई जहां इसकी शिकायत जिला प्रशासन को की थी जहाँ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो थिएटर से कुल पांच नाबालिग लड़कियों को बरामद किया था।उसके बाद थिएटर संचालकों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करते हुए नाबालिक लड़कियों के द्वारा नित्य करना एवं थिएटर के नियमों के उल्लंघन के आरोप में दो थिएटर के लाइसेंस को रद्द करते हुए उसे बंद कर दिया। सारण के वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष ने बताया कि इस मामले में कार्रवाई करते हुए दो थिएटरों का लाइसेंस रद्द कर दिया गया है। जिसमें गुलाब विकास थिएटर और न्यू गुलाब विकास थिएटर शामिल है, जिनके खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई की है।सारण एसएसपी डॉ. कुमार आशीष ने कहा कि सारण पुलिस यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि मेला क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि, बाल शोषण या कानून-विरुद्ध कृत्य को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में आगे भी सख्त व सतत कार्रवाई जारी रहेगी। मुक्त किए गए पांच नाबालिक लड़कियों को बालिका गृह में रखा गया है। वही दूसरी ओर थिएटर में काम करने वाली लड़कियां ने नाम व थिएटर के नाम बताने से इंकार करते हुए बताया कि सोनपुर मेला में राज्य व दूसरे प्रदेश के लड़किया आकर अपना कला को प्रदर्शन करते हुए गानो पर डांस करती है और मेहनत मजदूरी कर अपना परिवार व बच्चों को भरण पोषण चलाते है,हाँ कई ऐसे लड़किया है जिसको मजबूरी के कारण थिएटर या आर्केस्टा में काम करती है. थिएटर में खूबसूरती व कला के दम पर ही कमाई अच्छी करती है.और अपना नाम कमाती है. किसी की बदनियत के कारण मंच को गलत कहना ठीक नहीं। गलत काम तो कहीं भी हो सकता है, पर हम उसे अपने पेशे में नहीं आने देते।लोगो को अपनी अपनी आँखे है जिस नजरिया से जो लोग देखते है वे देखे लेकिन थिएटर में डांस करने वाली लड़कियां अधिकांश गलत नहीं होती है देखने का नजरिया अलग है, हाँ इतना तो दावे नहीं कर सकती कि एक दो लड़कियां गलत हों सकता है, गलत करने वाली महिला कही भी गलती कर सकती है. सभी का अपना अपना मान सम्मान व प्रतिष्ठा होती है. कलाओ का प्रदर्शन करना गुनाह नहीं होता है.

## बिजली विभाग की लापरवाही से ग्रामीण आक्रोशित, सप्लाई किया बंद

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के कवलपुरा गांव में बिजली विभाग की लापरवाही से घटी घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने आक्रोश जाहिर किया और आधा दर्जन गांवों की विधुत आपूर्ति बंद कर विरोध जताया। ग्रामीणों में सुरेंद्र महंतों ने बताया कि उच्च क्षमता का विधुत तार जमीन से कुछ ही दूरी पर लटका है वहीं तार जर्जर हालत में हैं। तार में स्पार्क हुआ और तार टूटकर जमीन पर गिर पड़ा जिससे भैंस की मौत हो गई वहीं बचाने के दौरान एक महिला भी बाल बाल बच गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने बताया कि जेई को फोन करने पर फोन तक रिसीव नहीं होता है। लटका तार बड़ी दुर्घटना को दावत दे रहा है। विधुत आपूर्ति बंद रहने से आधा दर्जन गांवों की विधुत आपूर्ति बंद पड़ी हुई है।

## यौन शोषण की शिकार किशोरी ने थाने में दिया आवेदन

**मढ़ौरा (सारण)।** थाना क्षेत्र के एक गांव में एक किशोरी को शादी के नाम पर बहला फुसला कर उसका यौन शोषण का मामला सामने आया है। मामले में पीड़ित किशोरी के आवेदन पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है। अपनी शिकायत में किशोरी ने कहा है कि वह गांव में ट्युशन पढ़ने जाती थी। इसी दौरान आरोपी युवक ने उससे पहले पढ़ाई लिखाई का बात करने के लिए मोबाइल नम्बर मांग लिया। मोबाइल नम्बर लेने के बाद युवक उसके घर के नम्बर पर बार बार फोन करने लगा। इसी दौरान आरोपी फोन उठाने पर गर्ल फ्रेंड बनने का प्रस्ताव रखा, मना करने पर अन्य नम्बर से फोन करने लगा। बाद में पैसा और गिफ्ट का प्रलोभन देकर धीरे धीरे मधुर सम्बंध बना लिया। बाद में शादी की बात करने लगा और बहला फुसला कर उसके साथ करीब दो साल से नाजायज संबंध बनाता रहा है। बीते 20 नवम्बर को भी आरोपी ने दिन के दस बजे उसे बुलाकर उसके साथ नाजायज सम्बंध बनाया फिर शादी से इनकार कर दिया। बात को सामने लाने पर उसे और उसके माता पिता की हत्या कर देने की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने मामले में आरोपित युवक लेरूआ निवासी 22 वर्षीय विशाल कुमार पर कार्रवाई की मांग की है ।

## राष्ट्रीय जंबूरी से उत्कृष्ट प्रदर्शन कर लौटे सारण के स्काउट और गाइड

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी उत्तरप्रदेश राज्य के लखनऊ स्थित वृंदावन सेक्टर 15 में आयोजित हुई, जिसमें सारण जिले के स्काउट एवं गाइड ने अपने अनुशासन, प्रतिभा और शानदार प्रस्तुति से ऐतिहासिक उपस्थिति दर्ज कराई। सारण के दल ने न केवल जंबूरी में भाग लिया, बल्कि विभिन्न प्रतियोगिताओं, प्रदर्शन और सेवा गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सबका ध्यान आकर्षित किया। प्रतिभागियों ने जंबूरी में आयोजित एडवेंचर गतिविधि, फूड प्लाजा, लोकनृत्य, फिजिकल डिस्प्ले, स्किल ओ' रामा, बिहार प्रदर्शनी, मार्च पास्ट, कॉलर पार्टी समेत कई गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता की। इन गतिविधियों के दौरान बच्चों ने अपनी नेतृत्व क्षमता, तकनीकी कौशल, टीमवर्क और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक सहभागिता के दौरान सारण टीम द्वारा प्रस्तुत भोजपुरी लोकनृत्य, पारंपरिक प्रस्तुतियाँ और कैम्प फायर प्रदर्शन को उपस्थित दर्शकों और राष्ट्रीय टीमों द्वारा विशेष सराहना मिली। वहीं कौशल आधारित गतिविधियों में सारण के स्काउट एवं गाइड ने स्काउटिंग नॉलेज, फर्स्ट एड, नट एवं बांध, पायनियरिंग और सर्विस एक्टिविटीज में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय जंबूरी का समापन समारोह लखनऊ में भारतीय गणराज्य की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने बतौर मुख्य अतिथि उपस्थिति दर्ज की।समापन समारोह के अवसर पर मा. राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्रीमती आनंदीबेन पटेल,उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसादमौर्य एवं ब्रजेश पाठक,तथा भारत स्काउट एवं गाइड के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल सिंह उपस्थित रहे।

## अग्नि पीड़ितों को मिला आपदा राहत की राशि का चेक



**दैनिक खोज खबर/पानापुर (सारण)।** रविवार की दोपहर थाना क्षेत्र के कोंध भगवानपुर मुसहर टोली में अगलगी की घटना में पीड़ित परिवारों के बीच मंगलवार को मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष से निर्गत चेक का वितरण किया गया. पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सीओ अजीत कुमार ने इस घटना में अपना सबकुछ गवां चुके 28 पीड़ित परिवारों के बीच बारह बारह हजार रूपये राशि के चेक का वितरण किया. इस मौके पर जिलापार्षद रत्नेश कुमार भाष्कर, पूर्व मुखिया धनंजय कुमार सिंह, श्यामलाल सहित अंचल कार्यालय के अन्य कर्मी उपस्थित थे.मालूम हो कि रविवार की दोपहर बिजली के शार्ट सर्किट से लगी आग में अनंत राउत, राजेश राउत, मनोज राउत, मुनचुन राउत, देवकुमार राउत, परशुराम राउत, कन्हैया राउत, हीरामन राम, कृष्णा राउत, सुजीत राउत, संतोष राउत, भीखम राउत, सूरज राउत सहित तीन दर्जन से ज्यादा परिवारों के घर पूरी तरह जलकर राख हो गए थे.

## परिणय सूत्र में बंधी डेरनी थानाध्यक्ष प्रीति कुमारी, गृह जिला भोजपुर में सम्पन्न हुआ शादी



**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** डेरनी थाना अध्यक्ष प्रीति कुमारी का विवाह हर्षोल्लास के माहौल में सम्पन्न हो गया। प्रीति कुमारी ने अपने पैतृक गांव बचरी, थाना पिरो, जिला भोजपुर से विवाह किया। वह अपने पिता ब्रह्मेश्वर नाथ राय की सबसे छोटी पुत्री हैं। प्रीति का विवाह भोजपुर जिले के ही उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सुढनी गांव निवासी स्व. सत्येंद्र चौधरी के पुत्र दीपक कुमार के साथ सम्पन्न हुआ। विवाह समारोह में दोनों परिवारों के परिजन, रिश्तेदार और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। डेरनी थाना क्षेत्र में अपनी कार्यकुशलता और सरल स्वभाव के कारण पहचान बना चुकीं थानाध्यक्ष प्रीति कुमारी की शादी की चर्चा पूरे इलाके में रही। स्थानीय लोगों ने नवदंपति को सुखी वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी वहीं बधाई देने वालों में सुमंत बाबा,समाजसेवी त्रिलोकी साह,एएसआई राजकिशोर सिंह,मदन साह,लालाबाबू राय,कमलेश राय सहित अन्य लोग है।

## पूर्व मुखिया के पुत्र विवेक सिंह के अंतिम संस्कार में पहुंचे कैबिनेट मंत्री सहित सैकड़ों लोगों ने दी अश्रुपूरित विदाई



### ● बिहार सरकार में शामिल मंत्री संजय कुमार सिंह के भगिना थे मृतक विवेक; शोक की लहर

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारन)।** जैतपुर पंचायत के पूर्व मुखिया जयप्रकाश सिंह उर्फ जई सिंह के 35 वर्षीय पुत्र विवेक कुमार सिंह उर्फ विक्की सिंह का मंगलवार को मांझी श्मशान घाट पर गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। दाह संस्कार में बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री संजय कुमार सिंह तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित सैकड़ों गणमान्य लोग शामिल हुए। विवेक मंत्री संजय कुमार सिंह के एकलौते भगिना थे। विवेक के चचेरे भाई रिंकू सिंह ने मृतक को मुखाग्नि दी। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक ईंट भट्ठा संचालित करके अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। परिजनों ने बताया कि विवेक को पिछले कुछ दिनों से पेट में संक्रमण की वजह से पटना के अपोलो अस्पताल में एडमिट कराया गया था जहां मंगलवार की सुबह उन्होंने दम तोड़ दिया। पूर्व मुखिया जई सिंह की चार पुत्रियों के बीच एकमात्र पुत्र के असमय निधन की खबर से पूरा क्षेत्र शोक में डूब गया है। अंतिम दर्शन के दौरान मंत्री संजय कुमार सिंह भी अपने भगिना के शव को देख कर भावुक हो उठे। बताया जाता है कि हाल ही में मंत्री के चुनाव अभियान के दौरान विवेक डेढ़ महीने तक क्षेत्र में सक्रिय थे और जीत के बाद मामा को विजयश्री का माला पहनाने का सौभाग्य भी उन्हें मिला था। उधर माँझी श्मसान घाट पर मंत्री के पहुंचने की सूचना पाकर स्थानीय प्रशासन सक्रिय हो गया तथा नगर पंचायत के कर्मियों द्वारा घाट व रास्ते की साफ सफाई की गई।

## हारकर भी जनविश्वास जीत ले गए शैलेंद्र प्रताप सिंह– नीरज कुमार

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** तरैया विधानसभा का चुनाव परिणाम भले ही किसी और के पक्ष में गया हो, परंतु जनभावनाओं की अदालत में एक अलग ही नज़ारा देखने को मिलता है। यह दुर्लभ क्षण है जब कोई उम्मीदवार चुनाव हारकर भी चर्चा के केंद्र में बना रहता है–वह भी सकारात्मक कारणों से। शैलेंद्र प्रताप सिंह की हालिया चुनावी पराजय ऐसी ही पराजय है, जिसने उन्हें और अधिक जनप्रिय बना दिया है। हमारे विवाह भवन पितामह पैलेस पर आने वाले विभिन्न इलाकों के लोगों के बीच बातचीत में यह स्पष्ट रूप से महसूस होता है कि तरैया ही नहीं, पूरे सारण प्रमंडल के लोगों के मन में इस हार को लेकर एक कसक है। लोग खुलकर कहते हैं– ÷सिर्फ एक हार ने मन को दुखाया, और वह है शैलेंद्र प्रताप सिंह की हार।÷ यह भाव किसी एक समुदाय, एक उम्र या एक गांव तक सीमित नहीं है। यह व्यापक है, स्वाभाविक है, और, महत्वपूर्ण बात, यह अनुभवों और व्यक्तिगत संपर्क पर आधारित है। चुनाव जीतना राजनीति का लक्ष्य हो सकता है, लेकिन जनता के मन को जीतना राजनीति का चरम है। शैलेंद्र प्रताप सिंह इस दृष्टि से एक मिसाल के रूप में उभरते हैं। यह बात आम लोगों में स्वीकार्य है कि वह विधायकी रहे या न रहें, संकट की घड़ी में सबसे पहले पहुंचने वालों में होते हैं। उनका कार्यालय या फोन किसी भी जरूरतमंद के लिए कभी दूर नहीं रहा। क्षेत्र की समस्याओं को लेकर उनकी सक्रियता, ईमानदारी और सहज उपलब्धता उन्हें विशिष्ट बनाती है। आज जब राजनीति में छवि प्रबंधन, प्रचार और सोशल मीडिया शोरगुल हावी है, तब शैलेंद्र प्रताप सिंह जैसे नेता लोगों को इसलिए प्रभावित करते हैं क्योंकि वे अभिनय नहीं, आचरण से सार्वजनिक जीवन को परिभाषित करते हैं। इस चुनाव में कई उम्मीदवार हारे, कई जीते। लेकिन सारण प्रमंडल में यदि किसी हार की सबसे ज्यादा चर्चा हुई, तो वह शैलेंद्र प्रताप सिंह की हार रही। चुनावी परिणाम के बाद जो सहानुभूति और सम्मान उनका विस्तार हुआ है, वह सामान्य राजनीतिक स्थिति नहीं कहलाती। यह स्थिति राजनीति के समझदार पाठकों को एक गहरी बात बताती है– जनता उन्हें राजनीतिक प्रतिनिधि से अधिक 'अपना आदमी' मानती है। यह भी एक दिलचस्प तथ्य है कि उनकी लोकप्रियता तरैया की सीमाओं में सिमटी नहीं है। क्षेत्र से बाहर आने वाले लोग भी यह मानते हैं कि शैलेंद्र प्रताप सिंह का हार जाना सिर्फ तरैया की क्षति नहीं, बल्कि सारण की एक महत्वपूर्ण आवाज़ का शांत पड़ जाना है। जनता का यह स्वीकारोक्ति कि ÷वे रहें या न रहें–हमारे लिए हमेशा खड़े रहते हैं एक प्रकार का मौन जनादेश है, जो किसी भी नेता के लिए चुनावी जीत से कम नहीं। लोकतंत्र में सीटें बदलती रहती हैं, सरकारें आती-जाती रहती हैं, लेकिन जनता के मन में जगह बहुत कम लोगों को मिलती है। शैलेंद्र प्रताप सिंह की हालिया पराजय एक राजनीतिक परिणाम जरूर है, लेकिन उससे अधिक यह एक सामाजिक संदेश है– कि सेवा, सादगी, और सत्यनिष्ठा आज भी जनता के लिए सबसे बड़ी पूंजी है।

और इसलिए कहा जा सकता है- विधानसभा का परिणाम चाहे जो रहा हो, पर तरैया और सारण के जनमानस में शैलेंद्र प्रताप सिंह आज भी विजेता हैं ।

## टेलर ट्रक की चपेट में आया मालवाहक सीएनजी टेंपो, टेंपो में सवार एक युवक की मौत, दूसरा घायल



**दैनिक खोज खबर/छपरा/एकमा (सारण)।** एकमा थाना क्षेत्र में छपरा-सिवान नेशनल हाईवे-531 पर माने मठिया गांव के समीप मंगलवार को तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जब छपरा से एकमा की ओर माल लेकर आ रहे माल वाहक सीएनजी टेंपो ओवरटेक करने के दौरान एक टेलर ट्रक के पिछले हिस्से की चपेट में आ गया। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही सीएनजी टेंपो सवार एक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान राजेश महतो (30), पिता योगेश्वर महतो, निवासी भुईली, थाना एकमा के रूप में हुई है। वहीं घायल युवक विजय कुमार गुप्ता (35), पिता स्व. रामदयाल साह, निवासी भुईली बताया गया है। दोनों आपस में मित्र थे। बताया गया है कि छपरा शहर के मौना चौक से भतुआ पाग (पेठा) व आम का अमावट मिठाई थोक में खरीद कर फुटकर बिक्री के लिए किराए के सीएनजी टेंपो वाहन से एकमा बाजार ला रहे थे। तभी माने मठिया गांव के समीप मुख्य सड़क पर वे सड़क हादसे का शिकार हो गए। हादसे के बाद ट्रक चालक व सीएनजी टेंपो चालक दोनों अपने-अपने वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गये। हादसे के बाद नाराज लोगों ने सड़क पर शव रखकर कुछ देर तक सड़क जाम कर दिया। जिससे लगभग दो घंटे तक सड़क यातायात प्रभावित रहा। इसके पूर्व एकमा, रसूलपुर व दाउदपुर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर प्रभावी कार्रवाई की। पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक विजय कुमार गुप्ता को उपचार हेतु एकमा सीएचसी में पहुंचाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ कौशलेंद्र कुणाल ने घायल क प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार हेतु सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं पुलिस द्वारा नाराज लोगों को समझा-बुझाकर सड़क यातायात व्यवस्था सामान्य कराया गया। वहीं मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। बहरहाल, पुलिस मामले की जांच व फरार वाहन चालकों की तलाश कर रही है।

### खेती-बाड़ी के अलावा नौकरी की तैयारी भी कर रहा था मृतक राजेश

एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के दौरान घायल युवक विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि वह एकमा बाजार में ठेला लगाकर पेठा एवं फल की बिक्री करता है। मृतक राजेश महतो उसका दोस्त था। राजेश चार भाईयों में तीसरे नंबर पर था। दो भाईयों की शादी हो गई है। राजेश की शादी नहीं हुई थी। वह बीए तक पढ़ाई किया था। वह घर पर रहकर खेती-बाड़ी के अलावा नौकरी की तैयारी भी कर रहा था। विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि मंगलवार को वह और उसका दोस्त राजेश महतो जिला मुख्यालय स्थित व्यवहार न्यायालय में एक पुराने केस में अपनी हाजिरी देने गए थे।जहां से विजय कुमार गुप्ता फुटकर बिक्री के लिए पेठा खरीदने मौना चौक जाने लगा। इस पर राजेश ने कहा कि चलो मैं भी देखता हूं कि पेठा तुम कहां से खरीदारी करते हो! दोनों आपस में मित्र थे। बताया गया है कि छपरा शहर के मौना चौक से पेठा (भतुआ पाग) मिठाई थोक में खरीद कर फुटकर बिक्री के लिए किराए के सीएनजी टेंपो वाहन से एकमा बाजार ला रहे थे। तभी माने मठिया गांव के समीप मुख्य सड़क पर वे सड़क हादसे का शिकार हो गए। सड़क पर ही सारा पेठा का कार्टून बिखर गया। हादसे के बाद विजय भी बेहोश होकर सड़क पर ही पड़ा रहा। विजय ने बताया कि होश आने पर उसने देखा कि उसका मित्र मौत की नींद सो रहा है। पेठा बिखरा पड़ा है। बिखरे पेठा को बटोरने की जब उसने कोशिश किया, तो आसपास घेरे हुए ग्रामीण उसे ही डांट-फटकार लगाने लगे। शायद उसे ही वे लोग सीएनजी टेंपो चालक समझ बैठे थे।

## गरखा प्रखंड कार्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों के रवैया में सुधार की लगाई गुहार

**दैनिक खोज खबर/गड़खा (सारण)।** मंगलवार को गड़खा ब्लॉक कार्यालय का युवा नेता राहुल यादव ने लगभग 12 बजे निरीक्षण किया। जिसमे प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय, अंचलाधिकारी कार्यालय, कृषि कार्यालय, मनरेगा कार्यालय, शिक्षा कार्यालय व आधार सुधार कार्यालय सहित, अन्य सभी कार्यालयों में मौके पर किसी भी कार्यालयों में कोई भी अधिकारी मौजूद नहीं थे. युवा नेता राहुल कुमार यादव ने कहा कि पीछले कई महिनों से चुनाव के कारण सभी कार्यालयों में आम जनता के कामकाज पूरी तरह से बाधित थे. अब जबकि चुनाव की पुरी प्रकृया समाप्त हो चुकी है, फिर भी गरखा प्रखंड कार्यालयों के अधिकारी, कर्मचारी चुनावी मूड से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं. कोई भी अधिकारी समय से कार्यालय आना मुनासिब नहीं समझ रहे, इसी के कारण प्रखंड कार्यालय के अन्य कर्मचारियों की लेट- लतीफी व कार्यों का टालमटोल लगातार जारी है,जो बेहद चिंताजनक है. आधार सुधार केंद्र सहित, अन्य कई कार्यालय पिछले कई दिनों से बंद पड़े हुए हैं. जिससे आम जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और आम जनता में प्रखंड कार्यालय, जिला पदाधिकारी व सरकार के खिलाफ आक्रोश बढ़ता जा रहा है. इस संबंध में मुख्यमंत्री, स्थानीय विधायक, सारण जिला अधिकारी सहित अन्य को पत्र लिखकर शिकायत दर्ज किया जा रहा है, आगे आने वाले दिनों में गरखा प्रखंड कार्यालय की स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो आम जनता के साथ मिलकर गरखा प्रखंड प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## सोनपुर नरायणी नदी स्थल पर हुआ मां गंगा आरती



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर(सारण)।** हरी व हर के भूमि स्थित कालीघाट स्थल के नरायणी नदी स्थित गंगा महाआरती किया गया. इस गंगा महाआरती का शुभारम्भ महाकाल बाबा द्वारा नारायणी पूजन एवं वैदिक मंत्रोच्चार कर शंख ध्वनि के साथ विद्वान आचार्यो द्वारा माँ गंगा के आरती मंगलवार को किया गया है. जिसमे हजारों की संख्या में उपस्थित होकर श्रद्धालूओं ने महाआरती का दर्शन कर मंत्र मुग्ध हो उठे। वैदिक मंत्रों, शंख ध्वनि की जयघोष से पुरा हरिहरक्षेत्र तरंगित हो उठा। गंगा आरती का दृश्य बनारस,और हरिद्वार जैसा बन गया है। गंगा आरती के उपरांत कल -कल छल- छल करती धराओ के बीच जब जले हुए दीये नदी में प्रवाहित किया गया तो जल कि धराएं जगमग दीये से शुशोभित हों गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय जनमानस की भूमिका अत्यंत ही सराहनीय रहा। गंगा आरती में अहम भूमिका आचार्य अनिल, अर्जुन, अविनाश, किशन, कुंदन, राजा, मुकेश, रौशन, विपीन, कुंदन, आदित्य, अमन, समाजसेवी लाल बाबू पटेल ने भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



## मंत्रोच्चार के साथ डोंगा पूजन कर प्रतापपुर चीनी मिल में शुरू हुई गन्ना पेराई

**मैरवा(सिवान)।** सीमावर्ती प्रतापपुर में स्थित बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड की चीनी मिल इकाई में मंगलवार को मंत्रोच्चार के साथ डोंगा पूजन कर गन्ना पेराई शुरू की गई। इस चीनी मिल में उत्तर प्रदेश के अलावा बिहार के मैरवा, गुठनी, नौतन, दरौली प्रखंड समेत निकटवर्ती क्षेत्र के किसानों का गन्ना जाता है। उत्तर प्रदेश के देवरिया जिला का प्रतापपुर चीनी मिल की दूरी करीब चार किलोमीटर है। सिवान जिला के सभी चीनी मिल बंद हो जाने के बाद इस क्षेत्र के किसानों के लिए सब से निकटतम चीनी मिल यही है। पेराई सत्र 2025-2026 के शुभारंभ उत्तर प्रदेश के राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने बटम दबा कर और यूनिट हेड सुखवंत सिंह ने डोंगा में गन्ना डाल कर किया। इसके पूर्व मां हदहदवा भवानी मंदिर में मिल प्रबंधन की तरफ से पूजा पाठ किया गया। राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने कहा कि जिले की इकलौता चीन मिल से उत्तर प्रदेश और बिहार दोनों प्रांत के गन्ना किसानों को काफी हद तक राहत मिलती है।

## पल्स पोलियो उन्मूलन अभियान की सफलता को ले बैठक

**आंदर(सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में मंगलवार की शाम प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. दीपक कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक की गई। इस बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि आगामी 14 दिसंबर से शुरू होने वाले पल्स पोलियो उन्मूलन अभियान कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों के साथ विचार विमर्श किया गया। साथ ही नियमित टीकाकरण, अनमोल एंट्री महिला बंध्याकरण, आरोग्य मंदिर में मिलने वाली सुविधाओं की समीक्षा की गई। बैठक में डा. रानी कुमारी, स्वास्थ्य प्रबंधक अरविंद कुमार राय, मुन्ना कुमार, प्रीतम कुमार, सुमन कुमारी, अभिषेक कुमार, अनुराधा कुमारी, सुषमा कुमारी समेत दर्जनों स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## यामाहा शोरूम की ओर से माइलेज चैलेंज राइड का आयोजन

**सिवान।** शहर के तरवारा रोड स्थित यामाहा ब्लू स्क्वायर शोरूम प्रेम मोटर्स में हाइब्रिड माइलेज एक्टिविटी का आयोजन किया गया। इसमें काफी संख्या में राईडर्स व ग्राहकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे सर्विस इंजीनियर विवेक देव सिंह ने माइलेज चैलेंज शुरू होने के पूर्व प्रतिभागियों को माइलेज टेस्ट की पूरी प्रक्रिया को विस्तार से बताया। शोरूम की प्रोपराइटर रिया श्रीवास्तव ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों को यह बताना है कि यामाहा की बाइक क्वालिटी के साथ बेहतरीन माइलेज भी देती है। बायपास मार्ग पर तकरीबन 20-25 किलोमीटर लंबे निर्धारित रूट पर राइड कराया गया तथा राइड समापन के बाद टाप-अप सेल विधि से माइलेज मापी गई। राजेंद्र कुमार ने 78 किमी. प्रति लीटर माइलेज प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया जबकि 78 किमी. प्रति लीटर माइलेज प्राप्त कर अजाजुल दूसरे तथा 74 किमी. प्रति लीटर माइलेज प्राप्त करने वाले प्रेम कुमार तीसरे स्थान पर रहे। तीनों विजेता प्रतिभागियों को प्रोपराइटर ने प्रतीक चिह्न व नकद राशि देकर पुरस्कृत किया।

## दारौंदा – शादी का झांसा देकर किशोरी को आर्केस्ट्रा वालों के हवाले किया

**परवेज अख्तर/सीवान।** दारौंदा थाना क्षेत्र की एक नाबालिग किशोरी को शादी का झांसा देकर अपने साथ ले जाने, उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाने तथा बाद में आर्केस्ट्रा से जुड़े लोगों के हवाले करने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपित रोहित यादव को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायालय में भेज दी है तथा पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। पीड़िता के अनुसार आरोपित रोहित यादव उससे करीब एक माह से मोबाइल पर संपर्क में था। 24 नवंबर की रात करीब नौ बजे उसने पास के मंदिर के पास किशोरी को बुलाया। उसी समय गांव में शादी समारोह चल रहा था और घर के सभी लोग उक्त समारोह में गए हुए थे। रात करीब 10 बजे आरोपित उसे बाइक से अपने घर ले गया और एक कमरे में छुपाकर रखकर शादी का झांसा देकर उसके साथ जबरन संबंध बनाया।बताया गया कि अगले दिन आरोपित उसे जनता बाजार ले गया, जहां आर्केस्ट्रा संचालकों के यहां एक कमरे में बंद कर दिया गया। वहीं आरोपित द्वारा भेजे गए दो युवकों द्वारा भी उसके साथ जबरन दुष्कर्म किए जाने का आरोप है। पीड़िता चार दिनों तक वहां रही। 28 नवंबर की रात आरोपित उसे यह कहकर ले गया कि घर छोड़ देगा, लेकिन उसे दूसरे स्थान सतजोरा बाजार पर आर्केस्ट्रा संचालक के यहां छोड़ दिया।

## बंद घर से डेढ़ लाख की संपत्ति चोरी

**मैरवा (सिवान)।** थाना क्षेत्र के लंगड़पुरा में चोरों ने तालाबंद घर से आभूषण समेत करीब डेढ़ लाख की संपत्ति की चोरी कर ली। ग्रामीण की सूचना पर गृहस्वामी पहुंच घर का ताला टूटा पाया। गृहस्वामी सुबेश यादव ने बताया कि वे अपने परिवार के सदस्यों के साथ कहीं गए थे। परिवार के बाहर रहने का मौका देख कर चोरों ने रात के अंधेरे में नकदी और गहनों समेत करीब डेढ़ लाख रुपये की संपत्ति पर की चोरी कर ली। सुबह ताला टूटा देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना दी, इसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है।

## चला वाहन जांच अभियान

**सिवान।** जिले में अपराध व लूटपाट की घटनाओं पर अंकुश लगाने को ले मंगलवार को शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी पुलिस ने वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान दो पहिया वाहनों को रोक कागजातों की जांच की गई। रोको-टोको अभियान के तहत शहर के बबुनिया मोड़, स्टेशन रोड, पीदेवी मोड़, अस्पताल रोड, गोपालगंज मोड़, झूनापुर हाईवे, जेपी चौक सहित पूरे जिले में पुलिस ने दो घंटे से अधिक समय तक सघन अभियान चलाया। जांच के दौरान बाइक की डिक्की से लेकर युवकों की पाकेट तक की तलाशी ली गई। एसपी विक्रम सिहाग ने बताया कि प्रतिदिन रोको टोको अभियान के तहत वाहनों की चेकिंग की जा रही है। बाइक में लगे डिक्की की तलाशी लेने के पीछे उद्देश्य यह है कि कोई भी बाइक सवार किसी भी तरह की आपत्तिजनक सामान तो लेकर नहीं चल रहे है।

## बिजली कंपनी की ओर से लगेगा विशेष स्टाल

**सिवान।** देश के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद की जयंती व 53वें जिला स्थापना दिवस के अवसर पर तीन दिसंबर को शहर के गांधी मैदान में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय समारोह में बिजली कंपनी की ओर से विशेष स्टाल लगाया जाएगा। जिला प्रशासन के निर्देश पर बिजली कंपनी भी कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेगी। विद्युत कार्यपालक अभियंता रौशन कुमार ने एक विशेष टीम का गठन किया गया है। टीम स्टाल की व्यवस्था, संचालन व निगरानी की जिम्मेदारी निभाएगी। कंपनी की ओर से पाम्फलेट व फ्लेक्स के माध्यम से उपभोक्ताओं को जागरूक किया जाएगा। स्टाल पर बिजली कंपनी से संबंधित योजनाओं, उपलब्धियों व उपभोक्ता सेवाओं की जानकारी प्रदर्शित की जाएगी। टीम के नोडल प्रशासनिक अधिकारी अमिताभ कुमार बनाए गए हैं। टीम में सहायक विद्युत अभियंता शिव शंकर सिंह, जेई गौतम कुमार, कुंदन कुमार, सुविधा काउंटर के प्रशांत कुमार अस्थाना, कार्यपालक सहायक रंजीत पांडेय को शामिल किया गया है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

**सिवान।** सराय थाना क्षेत्र के चांप गांव समीप मंगलवार की दोपहर तेज रफ्तार कार की टक्कर में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। दोनों घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घायलों की पहचान दारौंदा निवासी राजकिशोर राम व फारूख हुसैन के रूप में हुई है। घायलों के स्वजनों ने बताया कि दोनों घायल दोस्त है। मंगलवार को बाइक पर सवार होकर शहर के श्रीनगर जा रहे थे। वहां पर एक व्यक्ति से विदेश जाने के लिए बात करना था। तभी चांप के समीप तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दिया। जिसे दोनों घायल हो गए। टक्कर मारने के बाद कार चालक फरार होने में सफल रहा। बताया कि राजकिशोर को एक पैर टूट गया है। जिसका इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

# बसंतपुर : दिनदहाड़े आभूषण दुकान से 20 लाख की संपत्ति लूटी, पांच राउंड फायरिंग, दहशत का माहौल



**परवेज अख्तर/सीवान।** बसंतपुर थाना क्षेत्र के मलमलिया-महम्मदपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 331 पर खोरीपाकर बाजार के समीप मंगलवार की शाम करीब तीन बजे हथियारबंद छह बदमाशों ने आभूषण दुकान को निशाना बनाते हुए करीब 20 लाख रुपये की संपत्ति लूट ली। सभी बदमाश मुंह में नकाब पहने हुए थे। दहशत फैलाने के लिए बदमाशों ने पांच राउंड हवाई फायरिंग भी की।सूचना मिलते ही महाराजगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जांच को पहुंचे। वहीं थोड़ी देर में एसपी विक्रम सिहाग भी जांच को पहुंचे और टीम गठित कर छापेमारी के आदेश दिए। जानकारी के अनुसार बसंतपुर निवासी अजय कुमार व विजय कुमार की बसंतपुर व खोरीपाकर में आभूषण दुकान है। मंगलवार को खोरीपाकर वाली दुकान में विजय का पुत्र सुमित मौजूद था। दोपहर बाद करीब तीन बजे दो बाइक पर सवार छह हथियारबंद बदमाश दुकान पर पहुंचे। उस समय पुलिस की गश्त टीम भी बाजार पर ही थी। दुकान पर पहुंचे बदमाश मास्क व नकाब पहने थे। बदमाशों ने दहशत फैलाने के लिए चार से पांच राउंड फायरिंग भी की। इसके बाद दुकान में रखे सोने व चांदी के गहनों को बोरे में रखा। साथ ही बिक्री के एक लाख से अधिक रुपये ले लिए। अजय कुमार ने बताया कि एक गोली निशाना चुकने के बाद एक बदमाश के पैर में ही जा लगी। बदमाशों ने दुकान से की गई फायरिंग के बाद खोखा भी उठा लिया। जबकि सड़क पर गिरे दो खोखे पुलिस ने बरामद किए। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। एसपी विक्रम सिहाग व महाराजगंज एसडीपीओ अमन भी घटनास्थल पर पहुंच छानबीन में जुटे रहे।दिनदहाड़े हुई घटना के बाद खोरीपाकर सहित आसपास के बाजारों में दहशत की स्थिति है।

## सीनियर अंडर 66 में गोल्ड मेडल जीत रोहित बने पावरलिफ्टिंग में नेशनल चैंपियन

**हुसैनगंज (सिवान)।** प्रखंड क्षेत्र के जुड़कन निवासी एथलीट रोहित सिंह ने सीनियर अंडर 66 किलोग्राम भार उठाकर पावरलिफ्टिंग में गोल्ड मेडल जीतकर नेशनल चैंपियन बने हैं। इसके पूर्व में भी कई बार राज्य स्तर पर मेडल जीतने का काम किया है। बता दें 29 नवंबर से एक दिसंबर तक भागलपुर में आयोजित पावरलिफ्टिंग क्लब आफ इंडिया के तत्वाधान में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में सीनियर अंडर 66 में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया गया है। इस मौके पर उनके द्वारा बेंच प्रेस व स्कावट पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में भाग लिया गया था और अपने भार वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन किया। इसके उपरांत उन्हें भागलपुर में गोल्ड मेडल प्रशस्ति पत्र और ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। खिलाड़ी रोहित सिंह ने बताया कि शुरू से ही खेल व खेल से जुड़ी गतिविधियों में वह सक्रिय रहे हैं और कई प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले चुके हैं। वहीं पावरलिफ्टिंग में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जीतने के बाद राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेकर उन्होंने पुनः एक बार जीत दर्ज कर अपने गांव प्रखंड व जिले का नाम रोशन किया है। रोहित सिंह के इस कामयाबी पर प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि रिजवान अहमद, रवींद्र यादव, पूर्व मुखिया सत्यप्रकाश, मुखिया संघ के अध्यक्ष हरेराम यादव एवं विजय चौधरी ने शुभकामनाएं दी है।

## सीवान जंक्शन पर एक दर्जन से अधिक गाड़ियां घंटों विलंब से पहुंची

**परवेज अख्तर/सीवान।** जिले में शीतलहर तथा कोहरे का असर ट्रेन परिचालन पर दिखने को मिला रहा है। सुपरफास्ट व एक्सप्रेस ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं चल रही हैं। जंक्शन से गुजरने वाली करीब एक दर्जन से अधिक ट्रेनें मंगलवार को विलंब से चलीं। इनमें वैशाली सुपरफास्ट सहित कई ट्रेनों एक घंटे से दस घंटे तक लेट रही हैं। ट्रेनों के लेट होने के कारण गाड़ियों के इंतजार में यात्रियों को जंक्शन पर घंटों ठिठुरना पड़ा। इससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामान करना पड़ा। मंगलवार को 15909 अवध असम एक्सप्रेस एक घंटे, 04608 अमृतसर-छपरा पूजा स्पेशल 22 घंटे, 55056 गोरखपुर-छपरा पैसेंजर एक घंटे बीस मिनट, 04453 मानसी-नई दिल्ली त्योहार विशेष एक्सप्रेस तीन घंटे 50 मिनट, 02569 दरभंगा-नई दिल्ली क्लोन हमसफर स्पेशल चार घंटे दस मिनट, 02563 बरौनी-नई दिल्ली क्लोन हमसफर स्पेशल दो घंटे 23 मिनट, 13019 बाघ एक्सप्रेस एक घंटे, 02570 नई दिल्ली-दरभंगा क्लोन हमसफर स्पेशल दस घंटे तीस मिनट, 02564 नई दिल्ली-बरौनी क्लोन हमसफर स्पेशल दो घंटे 31 मिनट, 13020 बाघ एक्सप्रेस एक घंटे बीस मिनट, 12553 ललितग्राम-नई दिल्ली वैशाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस एक घंटे, 15110 मथुरा-छपरा एक्सप्रेस एक घंटे दस मिनट के लेट से सिवान जंक्शन पहुंची। इसके अलावा अन्य ट्रेनें भी विलंब से चलीं।

## सीवान : आधा दर्जन मामलों की एसपी ने की सुनवाई

**परवेज अख्तर/ सिवान।** पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग द्वारा समाहरणालय स्थित एसपी कार्यालय प्रकोष्ठ में मंगलवार को जनता दरबार लगाया गया। एसपी ने आए लोगों की फरियादें सुनीं। इस दौरान मारपीट, धोखाधड़ी सहित फर्जी मुकदमे में फंसाने आदि के कई मामले आए। इनमें आधा दर्जन से ज्यादा मामलों का मौके पर ही निपटारा किया गया। एसपी ने इन मामलों में लापरवाही बरतने वाले कई थानेदारों को फोन कर त्वरित कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। जनता दरबार में भूमि संबंधित मुकदमे के मामले की गुहार लगाने वालों की संख्या सबसे अधिक रही। उन्होंने एक-एक कर जनता दरबार में आए कुल 50 फरियादियों की फरियाद सुनी। एसपी ने जनता के आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए कई थानाध्यक्षों को इन मामले के निष्पादन में कोताही न बरतने का निर्देश दिया।

## 24 घंटे के विशेष अभियान में 52 गिरफ्तार

**सिवान।** पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग के आदेश पर जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पिछले 24 घंटे के विशेष अभियान के दौरान 52 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। मामले में एसपी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 24 घंटे में जिलान्तर्गत विशेष अभियान के दौरान 52 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। बताया कि इस अभियान में कुल 52 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान वारंट के कांड में 22, शराब के कांड में 15, हत्या का प्रयास में चार, दंगा के कांड में एक, पाक्सो एक्ट के कांड में एक, अपहरण के कांड में दो व अन्य कांड में सात गिरफ्तारी की गई। वहीं 71 लीटर देशी शराब व 44.9 लीटर विदेसी शराब जब्त किया गया। जबकि 39 वारंट व पांच कुर्की का निष्पादन किया गया। जबकि जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से यातायात के उल्लंघन करने वाले वाहनों से 43 हजार पांच सौ रुपया जुर्माना की राशि वसूल की गई। वहीं एक दो पहिया वाहन सहित अन्य सामान को बरामद किया गया।

## दारौंदा – उमरा के दौरान सऊदी अरब में बगौरा के मोहम्मद अली का निधन

**परवेज अख्तर/सीवान।** दारौंदा प्रखंड के बगौरा निवासी मोहम्मद अली का सऊदी अरब में उमरा करने के दौरान मंगलवार को हृदयगति रुकने से मौत हो गया। वे 50 वर्ष के थे। उनकी मौत की खबर जैसे ही गांव पहुंची शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों के अनुसार मोहम्मद अली 27 नवंबर को बगौरा से दिल्ली के लिए रवाना हुए थे तथा 29 नवंबर को दिल्ली से सऊदी अरब के लिए प्रस्थान किए। वहां पहुंचने के बाद 30 नवंबर को उमरा अदायगी के लिए निकले थे। तभी उन्हें दिल का दौरा पड़ा, जिसके बाद तत्काल उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान मंगलवार को उनका निधन हो गया। वे अपने पीछे पत्नी साबरा बीबी, चार पुत्र और चार पुत्रियों समेत भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। स्वजनों को जब विदेश से उनके निधन की सूचना मिली तो घर में कोहराम मच गया। गांव के लोग पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाने लगे।

## जीरादेई में देशरत्न की जयंती मनाने की तैयारी पूरी

**जीरादेई (सिवान)।** जीरादेई के मिट्टी के लाल देश के पहले राष्ट्रपति देशरत्न डा. राजेंद्र प्रसाद की जयंती बुधवार को मनाने की औपचारिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बुधवार को पूर्वाह्न नौ बजे जिला प्रशासन द्वारा माल्यार्पण किया जाएगा। तमाम जनप्रतिनिधि, नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा डा. राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। कोई सरकारी कार्यक्रम नहीं। देशरत्न के पैतृक संपत्ति के प्रबंधक रामेश्वर सिंह ने कहा कि देश के प्रथम राष्ट्रपति व बिहार के गांधी कहे जाने वाले राजेंद्र बाबू की जयंती को मात्र माल्यार्पण कार्यक्रम में समेट देना सरकार की उदासीनता का द्योतक है। उन्होंने कहा कि बाबू के जन्मस्थली पर पोरबंदर व इलाहाबाद का एक अंश भी न होना महान व्यक्तित्व के साथ घोर अन्याय प्रतीत हो रहा है। उन्होंने बताया कि आज तक इस स्थल पर न राष्ट्रपति आए न प्रधानमंत्री।जीरादेई की सबसे बड़ी समस्याराष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद के पैतृक आवास के आसपास 300 मीटर की दूरी तक किसी भी प्रकार के निर्माण पर पुरातत्व विभाग द्वारा रोक लगाई गई है। इस प्रकार गांव की लगभग तीन चौथाई हिस्से में काम रुका हुआ है, जो काम करने का प्रयास किए उनके खिलाफ पुरातत्व विभाग द्वारा प्राथमिकी की गई है। इस परिस्थिति में गांव के लोग डरे व सहमे हुए हैं।

## शराब पीने और बेचने के आरोप में छह गिरफ्तार

**सिवान।** उत्पाद विभाग की टीम ने अलग-अलग थाना क्षेत्र से शराब पीने और बेचने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस मामले में उत्पाद अधीक्षक शशांक वर्मा ने बताया कि विशेष अभियान के तहत कार्रवाई की गई है। शराब पीने और बेचने के आरोप में छह लोगों को अलग-अलग थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है।

## महिला का चेन चोरी कर भाग रही महिला को लोगों ने पकड़

**सिवान।** मैरवा स्टेशन पर मंगलवार की दोपहर एक महिला यात्री की चेन चोरी कर भाग रही महिला की लोगों ने पकड़ कर पिटाई कर दी। हालांकि उक्त महिला के पास से चेन बरामद नहीं हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस उक्त महिला को पकड़ कर जीआरपी थाना पर लेकर आई, जहां उससे देर शाम तक पूछताछ जारी रही। मामल में जीआरपी थानाध्यक्ष विकास कुमार आजाद ने बताया कि महिला यात्री ने एक महिला पर चोरी का आरोप लगाया है, जिसकी जांच चल रही है। महिला यात्री का आवेदन मिलने पर प्राथमिकी कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दो युवकों के बीच मारपीट, घायल

**सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के आसी नगर में मंगलवार की शाम दो युवकों के बीच मारपीट हो गई। जिसमें दोनों युवक घायल हो गए। स्वजनों ने दोनों का इलाज किसी निजी अस्पताल में कराया। घायलों की पहचान उक्त मोहल्ला निवासी अब्दुल अली व सलीम आलम के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि दोनों दोस्त हैं, दोनों में एक मोबाइल के लिए मारपीट हुई थी।

## दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में तीन घायल दारौंदा

(सीवान)। थाना क्षेत्र के सिरसांव गांव के समीपदारौंदाङ्कमहाराजगंज मुख्य मार्ग पर मंगलवार की शाम दो बाइकों की आमनेङ्कसामने की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां से चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान थाना क्षेत्र के सिरसांव निवासी रोहित कुमार व अभिजीत कुमार तथा रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के गभीरार निवासी कमरुद्दीन अंसारी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच घटना की जानकारी ली तथा आगे की कार्रवाई में जुट गई।

## खांसी के मरीज को कुत्ता काटने की सुई देने के मामले में सिविल सर्जन ने की जांच

### सीएचसी संग्रामपुर का मामला

**पूर्वी चंपारण।** खाँसी के मरीज को कुत्ता काटने की सुई देने के मामले में मंगलवार को सिविल सर्जन ने संग्रामपुर सीएचसी का जाँच किया।मंगलवार को सीएस रविभूषण श्रीवास्तव ने एक एक कर्मी से पूछताछ की।किसने मरीज का पुर्जा काटा,किसने दवा लिखी और किसने सुई लगाई। पुर्जा पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी पंकज कुमार का इलाज कर्ता के जगह नाम लिखा था लेकिन उन्होंने मरीज की जांच की ही नहीं थी। सीएस को बताया गया कि एक चतुर्थ वर्गीय कर्मी के द्वारा सुई लगाई गई है, जबकि एक अन्य चिकित्सक के द्वारा दवा लिखने की बात सामने आ रही है।अधिकारी ने बताया कि सभी बिंदुओं पर गहनता से जांच की जा रही है,जो भी दोषी पाया जाएगा उस पर निश्चित रूप से कड़ी करवाई होनी तय है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी पंकज के द्वारा सीएचसी के कई कर्मियों पर साजिश करने का गंभीर आरोप लगाया गया।

